# बैकयार्ड कुक्कुट पालन उद्यमिता द्वारा ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास हेतु छः दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण सत्र का समापन




पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर में दिनांक 20–25 जनवरी 2025 तक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन, अधिष्ठाता डॉ राजेश शर्मा के निर्देशन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. वैशाली खरे की नेतृत्व एवं सिंजेंटा फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से मुर्गीपालन के इच्छुक ग्रामीण महिलाओं एवम पुरुषो हेतु छः दिवसीय कुक्कट पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जबलपुर, मंडला एवम डिंडोरी जिलों से आए लगभग 28 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। छः दिवसीय इस प्रशिक्षण में महाविद्यालय के विभिन्न विषयों के वैज्ञानिकों प्रशिक्षणार्थियों को कुक्कुट पालन से जुड़े सभी विषयों पर सैद्धांतिक व्याख्यान एवम प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण सिंजेंटा फाउंडेशन एवम् नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में डॉ. लक्ष्मी ने आवास व्यवस्था, डॉ. अनिल शिंदे ने टीकाकरण, डॉ. अंकुर खरे ने आहार व्यवस्था, डॉ. अंजू नायक ने कुक्कट बीमारियों, डॉ. अमिता दुबे ने शव परीक्षण, डॉ. ब्रजेश सिंह ने कुक्कट रोग निदान, डॉ. गिर्राज गोयल ने हेचरी प्रबंधन, डॉ.असित जैन ने विभिन्न ऋतुओं में कुक्कट प्रबंधन, डॉ. हरी आर ने शासकीय कुक्कट योजनाओ एवं डॉ. वैशाली खरे ने कुक्कट अभिजनन, कुक्कट अभिलेखों जैसे कुक्कुट पालन से जुड़े सभी विषयों पर विस्तारपूर्वक सैद्धांतिक एवम प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों से फीडबैक भी लिया गया जिसमे वे पूरी तरह से प्रशिक्षण से संतुष्ट हुए। छः दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया, साथ ही उनको प्रायोगिक कार्य जैसे की आहार बनाना, हेचरी प्रबंधन, टीकाकरण की विधि के बारे में बताया गया एवं उनके द्वारा इनका अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों का प्रशिक्षण उपरांत पुनः मूल्यांकन किया गया। समापन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डॉ सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षण, डॉ लखानी, संचालक अनुसंधान सेवाए की उपस्थिति रही। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर समापन कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरी आर एवम आभार प्रदर्शन डॉ. लक्ष्मी चौहान द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर